RAJBIL26868/2016/1284525
वर्ष 3 अंक 3 मूल्य 20

सामाजिक अभिरूचि का पर्याय

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

जयवर्द्धन

राजसमंद के प्रबुद्ध पाठक वर्ग की लोकप्रिय मासिक पत्रिका

हिन्दी मासिक पत्रिका नवम्बर 2019
पेज संख्या : 36 राजसमंद

दीपोत्सव पूरे शबाब पर है, घाटी में मेंढ़कों का टर्राना बंद होगा

बेटी की अक्षमता ने दिया जीवन को सार्थक बनाने का मकसद

प्रकाशन तिथि : माह की 1 से 15 तारीख

दीपावली व नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

शक्ति जनरल स्टोर

पाठ्य पुस्तकें, शक्ति कॉपियां, स्कूल व ऑफिस स्टेशनरी, होजरी, कॉस्मेटिक्स एवं जनरल सामग्री हेतु आपकी सेवार्थ समर्पित।

शक्ति उद्योग
शक्ति कॉपियां एवं स्टेशनरी के निर्माता
रेल्वे स्टेशन रोड, कांकरोली राज.
मो. 9413021510

शक्ति एजेन्सीज
पुस्तकों एवं स्टेशनरी के होलसेल विक्रेता
शास्त्री मार्केट, कांकरोली
फोन नं. 02952-222810

अंकुर डेंटल क्लिनिक
रेल्वे स्टेशन रोड, कांकरोली राज.
मो. 9413975510

राजसमंद का उत्कृष्ट उत्पादन - हर विद्यार्थी की पहली पसन्द : शक्ति कॉपियां

जयवर्द्धन

सम्पादक एवं प्रकाशक
ललिता राठौड़
निदेशक व उप सम्पादक
विजय शर्मा
सह सम्पादक
हितेन्द्रसिंह चौहान
सम्पादन सहयोगी
सूर्यप्रकाश दीक्षित
विज्ञापन प्रबंधक
जितेन्द्र शर्मा
गणपतसिंह
वितरण विभाग
नारायण पालीवाल, सुधीर दवे, नरेश पालीवाल

कार्यालय पता
C/O शक्ति स्पोर्ट्स, शास्त्री मार्केट
कांकरोली, जिला राजसमंद
मो. 94142-39648, 99500-84705

सम्पादक, प्रकाशन एवं स्वामी ललिता राठौड़ द्वारा राजसमंद से प्रकाशित एवं रमेशचंद्र आचार्य द्वारा आचार्य प्रिंटर्स, हस्तिनापुर कांकरोली, जिला राजसमंद (राजस्थान) से मुद्रित

नोट : पुस्तक में प्रकाशित सामग्री में यथासंभव सावधानी बरती गई है। फिर भी त्रुटियों के ध्यानाकर्षण के लिए धन्यवाद्। पत्रिका में प्रकाशित आलेख में लेखकों के अपने निजी विचार है। किसी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र राजसमंद होगा।

जयवर्द्धन पत्रिका की वार्षिक सदस्यता का शुल्क मात्र 200 रुपए

"SHREE"
Tension®
SHOWROOM
Manufacturer & Wholesaler of Jeans & Shirt
शॉप नं. 2, कावडिया हॉस्पीटल के पास
100फीट रोड, राजसमन्द (राज.)
Mob. 8769955630, 7230059101

सम्पादकीय

रहे सदा ज्योति की हामी

जयवर्द्धन पत्रिका परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतको को दीपोत्सव की शुभकामना। तमसो मां ज्योतिर्गमय के भावो का उद्घोष करने वाली सनातन संस्कृति का यह महापर्व दीपावली गरीब की झोपड़ी से राजघराने की ड्योढ़ी तक अन्तर्मन, तन, धन को उजाले का आलोक भरे। दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। अन्याय, अत्याचार, अंहकार के दंभ से लबरेज महाबली रावण को परास्त करने के साधारण मानव के रूप में महा प्रयास का नाम है राम। काम, क्रोध, मद, लोभ और मात्सर्य विद्वान् महापंडित रावण को ब्रह्म राक्षस बना देता है, यह त्रेता युग का प्रत्यक्ष उदाहरण है। संगठित बुराई के खिलाफ आम साधारण व्यक्ति कैसे लड़ाई करें और छोटी-छोटी सकारात्मक साधारण ताकतों का एकीकरण कैसे अंहकारी से मुकाबला कर उसे परास्त करे यह है मर्यादा पुरुषोत्तम राम।

आज के हालात को देखते हुए हमारे अपने जीवन और परिवेश में हमें अपने अन्तर्निहित राम और रावण से पग पग पर मुकाबिल होना पड़ता है। पूरे देश परिवेश में अज्ञान, परिग्रह, अतिक्रमण असंवेदना, अस्वच्छता, अकर्मण्यता, असहयोग और असहिष्णुता जैसे कुसंस्कार प्रभाव दिखा रहे हैं, तो लगता है रावण अभी भी जिन्दा है। इन बुराईयों के खिलाफविचार और व्यवहार में संकल्पबद्ध परिवर्तन ही दीपज्योति का संदेश है। हम तो वसुधैव कुटुम्बकम की भावभूमि के वासी है, जिनका सदैव मानना रहा-

तम में नहीं हम जीना चाहते,
रहे सदा ज्योति के हामी।
मानवता है मंजिल अपनी
हम है सच्चे शांति पुजारी।।

दिनेश श्रीमाली
अयोध्यापुरी किशोरनगर
9414176733

इस अंक में खास...

1. **कवर स्टोरी 1 :** बेटी की अक्षमता ने दिया जीवन को सार्थक बनाने का मकसद — पेज- 4
2. **बदलाव की बयार :** ...घाटी में मेढ़कों का टर्राना बंद होगा — पेज - 8
3. **व्यंग्य :** हैप्पी दिवाली — पेज- 11
4. **व्यंग्य :** थैंक यू गॉड — पेज- 12
5. **चिंतन :** लिव इन रिलेशनशिप खतरे की घंटी — पेज - 14
6. **तीखी मिर्ची :** डिलिट होती रिश्तों की मिठास — पेज - 15
7. **माटी का लाल :** डॉ. माधवलाल पीपलीवाल — पेज - 16
8. **पर्यावरण सुरक्षा :** प्लास्टिक ना बाबा ना — पेज - 23
9. **मेवाड़ी चौपाल :** दिवाळी रा दीवा बळे, म्हाने बी लसमी पळे — पेज - 22
10. **मेरा गांव, मेरे लोग :** श्री कन्हैयालाल ठाकुर — पेज - 27
11. **कविताएं :** जीवन पतंग री डोर, डळ झील आत्मकथा — पेज - 29
12. **चिंतन :** आखिरी अस्पताळ, राजसमंद री पाळ — पेज - 30

बेटी की अक्षमता ने दिया जीवन को सार्थक बनाने का मकसद

विजय शर्मा @ जयवर्द्धन

आज भी अच्छी तरह याद है, जब मेरी पत्नी मां बनने वाली थी। हम बहुत ही खुश थे कि आज हमारे घर पर किलकारी गूंजने वाली है। मन में अलग- अलग सपने हिलोरे मार रहे थे, कभी सोचता बच्चा होगा तो वह मेरे शक्ल से मिलता जुलता होगा। कभी सोचता नन्हीं सी गुड़िया होगी, जिसे मैं जमाने भर का प्यार दूंगा। वो मेरी पत्नी जैसी होगी। इन्हीं सपनों के बीच मेरी खुशी का तब ठिकाना नहीं रहा, जब नर्स ने बाहर आकर बताया कि बधाई हो आपके घर बेटी आई है। यह सुनकर में फूला नहीं समा रहा था। मन में कई तरह के ख्याल आ रहे थे। बेटी के खिलौने से लगाकर उसकी परवरिश और शादी के बाद उसकी विदाई तक के सपने उसी दिन आंखों में तैर रहे थे, मगर यह खुशी तब दुख में तब्दील हो गई, जब कुछ दिनों बाद डॉक्टर ने बताया कि आपकी बेटी को सेरेब्रल पालसी (CP) नामक बीमारी है, जिससे इसका शारीरिक व मानसिक विकास बहुत मंद गति से हो पाएगा।

यह कहानी है राकेश परियाणी की, जिनकी बेटी सुरभि परियाणी की शारीरिक अक्षमता ने इन्हें कुछ अलग कर गुजरने का मकसद दे दिया। अपनी बेटी के साथ ही इसी तरह की बीमारी से पीड़ित अन्य बच्चों के दर्द को भी अपना दर्द बना लिया। सेरेब्रल पालसी व मुक बधिर बच्चों के लिए इन्होंने निशुल्क विद्यालय प्रारंभ किया और कई इसी तरह के बच्चे जिन्हें उनके परिजन घर में सांकलों से बांध कर रखते थे। उन्हें सलाखों से मुक्त कराकर अपने आवासीय विद्यालय में निशुल्क शिक्षण देकर आम इंसान की तरह सम्मान जनक जीवन प्रदान किया।

आज यहां करीब सौ अक्षम बच्चे अध्ययनरत है, जिनमें करीब तीस बच्चे आवासीय है। भारत से पाकिस्तान के बंटवारे के बाद पाकिस्तान में हिन्दू असुरक्षित हो गए, तो भारत में आ गए। इनमें राकेश के पिता भोजराज परियाणी भी अपने भाइयों सहित इंदौर आकर रूके और बाद में राजसमन्द आकर बस गए। भोजराज

परियाणी के पांच पुत्रों में राकेश सबसे छोटा है।

अनिता के संग राकेश की शादी के एक वर्ष बाद 11 मई 1996 को बेटी सुरभि का जन्म हुआ। तब जन्म के तुरंत बाद उसे रोना नहीं आ रहा था, तो नर्स ने अलग अलग तरीके से उसे रूलाने का प्रयास किया और जब कुछ समय बाद उसने रोना प्रारंभ कर दिया तो ऐसी रोई कि फिर रूकने का नाम नहीं ले रही थी। जब दो घंटे बाद तक भी वह रोना बंद नहीं कर रही थी तो डॉक्टर को दिखाया, तो उन्होंने तो उसे कंपोज दिया।

उसके बाद उसने रोना बंद कर दिया। तीन महीने बाद अस्वस्थ होने के कारण जब उदयपुर के महाराणा भुपाल चिकित्सालय में एक डॉक्टर को बताया, तो उन्होंने कहा कि जन्म के समय दिए गए कम्पोज के कारण इसका शारीरिक विकास बहुत धीरे-धीरे होगा। तब सबने इस बात को सहज में लिया कि जहां बच्चा छह महीने में बैठना सीखता हैं, तो हो सकता है इसे एक साल लगे, मगर डेढ़ साल के बाद उसने बैठना सीखा। शारीरिक विकास बहुत धीमी गति से होने पर राकेश और अनिता को बेटी की चिंता सताए जा रही थी, तब किसी ने कहा- चित्तौड़गढ़ जिले में आवरी माता मंदिर ले जाने से सुधार होगा, तो किसी ने बडे डॉक्टर को मुंबई दिखाने की सलाह दी। राकेश ने हर बार अपनी नौकरी से छुट्टी लेकर बेटी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना में कई प्रयास किये। जैसा कि सब जानते हैं कि सिंधी समाज हमेशा संघर्षशील रहा है।

इनके पुरखों ने पाकिस्तान और भारत के बीच आकर अपनी जिजीविषा के बड़े संघर्ष को झेला है। बड़े से बड़े संकट का सामना करने का जज्बा इनके खून में मौजूद रहता है। राकेश ने अपनी बेटी की अक्षमता पर कभी किसी डॉक्टर या भगवान को भी दोष नहीं दिया और इसे अपने जीवन को मूल्यवान बनाने का अवसर बना लिया। अपनी बेटी को लेकर जब दिल्ली एम्स में गए, तब असली बीमारी का पता चला कि इसे सेरेब्रल पालसी नामक बीमारी है। डॉक्टर ने बताया कि जन्म के तुरंत बाद दिमाग के अनेक टिस्यू तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंचने से यह बीमारी होती है। वो टिस्यू कुछ समय बाद ऑक्सीजन के अभाव में डेड हो जाते हैं, जिसका बाद में कोई भी पुख्ता इलाज संभव नहीं हैं। ऐसे मरीज को थेरेपी व लगातार एक्सरसाइज से फायदा मिलता है और इन बच्चों को अलग तरीके से पढ़ाया जाता है। राकेश ने अपनी बेटी को दिल्ली के बाद उदयपुर में पता किया कि कोई संस्था जहां इसकी शिक्षा और इलाज संभव हो।

तब उदयपुर की प्रयास संस्था से संपर्क हुआ, जहां रोज सुबह सात बजे से ग्यारह बजे का समय तय हुआ। अपनी नौकरी में बड़ी मुश्किल से द्वितीय शिफ्ट कराकर अब रोज सुबह पांच बजे उठकर छह बजे उदयपुर जाना और वापस एक बजे आते ही जेके टायर इंडस्ट्रीज में ड्यूटी पर जाना प्रारंभ किया, तो ड्यूटी से रात साढ़े दस बजे आने के बाद सोते सोते रात की 12 बज जाती थी। लगातार घड़ी की सुई के साथ भागने के बाद राकेश बेहद थक जाता था, मगर उनकी बेटी का प्यार था, जो उन्हें हर तरह के संघर्ष को झेलने की शक्ति प्रदान करता था। लगातार पन्द्रह दिन की इस संघर्ष पूर्ण दिनचर्या के बाद उन्होंने प्रयास संस्था वालों को ही राजसमन्द आने का आग्रह किया, जिससे राजसमंद के अन्य पीड़ित बच्चों को भी फायदा मिल सकें। आखिर अत्यधिक मनुहार के बाद प्रयास संस्था वाले प्रत्येक रविवार को राजसमन्द आने को राजी हो गए।

इधर इन्होंने राजसमन्द में इसी तरह के पीड़ित बच्चों से संपर्क किया। फिर डॉ. राकेश तैलंग, डॉ. विजय खिलनानी, नरेंद्रसिंह कच्छवाहा, प्रकाश मूलचंदानी, प्रकाश परियाणी, अरुण जैन, दिलीप मल्होत्रा के सहयोग से **द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान** का 18 मार्च 2004 को गठन किया। इस बैनर तले पेम्पलेट व अखबार के माध्यम से भी प्रचार प्रसार कर रविवार के दिन शिविर आयोजित किया। इस पर पहले ही शिविर में करीब 75 बच्चे पहुंचे, जिनमें से ज्यादातर बच्चे मुक बधिर थे। कुछ बच्चों को तो परिजनों ने मजबूरन सांकलों से बंधक बना कर रखे हुए थे। क्योंकि कई गरीब मां-बाप रोजमर्रा के काम से घर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर बच्चा कहीं चला जाए, तो उसे तलाशना बड़ा मुश्किल है। जैसे ही इस तरह के शिविर में ऐसी शिक्षा व इलाज के बारे में सुनकर परिजन भी उत्साहित होकर बच्चों को लेकर आ गए। चूंकि ज्यादातर बच्चे गरीब परिवारों से होने से शिविर का आयोजन नि:शुल्क ही रखा गया। इसमें फिजियाथैरेपिस्ट भी आते थे, जिससे सीपी पीड़ित बच्चों को थैरेपी भी करवाते थे। खास तौर से शिक्षक जगदीश के प्रयास से श्रवण बाधित व दृष्टि बाधित बच्चों को काफी फायदा मिला।

राजसमंद में साप्ताहिक शिविर नियमित लगने लगा, मगर बच्चों के लिए सात दिन में से सिर्फ एक दिन दी जा रही शिक्षा व उपचार पर्याप्त नहीं था। ऐसे में प्रयास संस्था के सहयोग से उत्तरप्रदेश के विशेष प्रशिक्षक रामदास पाल से संपर्क हुआ, जो मात्र 6 हजार रुपए मासिक वेतन पर बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार हो गए। इस तरह शिविर को विद्यालय के रूप में विकसित किया। प्रशिक्षक रामदास के कारण अक्षम बच्चों में आश्चर्यजनक सुधार होने लगा। 15 बच्चों से शुरू हुए विद्यालय में दिनोंदिन संख्या बढ़ने लगी। फिर बच्चों के लिए मात्र 100 रुपए मासिक शुल्क तय किया, तो कई परिजनों ने बच्चों को भेजना ही बंद कर दिया। ऐसे में उन बच्चों का दर्द देखा नहीं गया, तब सभी बच्चों के लिए प्रवेश नि:शुल्क करते हुए वापस बुलाया गया।

वर्ष 2004 में ही जिला कलक्टर को पत्र देकर विद्यालय के जमीन आवंटन की मांग की गई। साथ ही अक्षम बच्चों की शिक्षा के लिए समाज कल्याण विभाग को भी पत्र दिया गया। इसी तरह 2004 से 2006 तक मार्बल व्यवसायियों को भी आर्थिक सहयोग के लिए पत्र

जयवर्द्धन नजरिया

अक्षम चेहरों को इंतजार सक्षम भामाशाह की

आखिर किस गुनाह की सजा में परमात्मा ने हमें यह असामान्य जीवन दिया और कुछ कमी रह गई तो खुद जन्मदाता ने हमें रस्सी से बांध दिया। हम बेजुबान अपना दर्द भी किसी से कहने लायक नहीं है। आखिर हमें क्यों नहीं नसीब होती हैं हमारे हिस्से की वो खुशी? शायद कभी सपनों के देश से कोई फरिस्ता ही जमीं पर उतरे जो हम मासुम बालकों को इस कष्टमय जीवन से मुक्त करा सकें। हम आम बच्चों की तरह कह सकें, वो अनकही कहानी जिसे बरसों से किसी ने नहीं सुनी और हमारे जेहन में दबी हुई है, हम भी उड़ा सके मुक्त गगन में कोई पतंग और खेल सके मोहल्ले के बच्चों के साथ वो सब खेल जो अक्सर खिड़की के कोने से वो खेलते हुए दिखाई देते हैं। जिस तरह बच्चे हंसते हुए बात करते हैं, काश वो मुक्त हंसी हमें भी नसीब हो। इस तरह एक रस्सी की कैद में जकड़ा हुआ बच्चा शायद यही सब कुछ सोचता होगा। ज्यादातर सामान्य बच्चों के बीच वह हंसी का पात्र बनकर रह जाता है। ये बच्चे अन्य बच्चों की तरह हंस खेल भी नहीं सकते हैं, न ही बोलकर अपनी भावना प्रकट कर सकते हैं। एक घर में बच्चे का जन्म बेहद खुशी का मौका होता है। घर के प्रत्येक सदस्य की उत्सुकता छोटे से बच्चे को लाड प्यार करने की बनी रहती है, मगर वह बच्चा बदकिस्मती से यदि मानसिक कमजोर हुआ या मुक बधिर होने की स्थिति में खुद बच्चे का जीवन तो कष्टमय होता ही है। साथ ही उनके पालकों का जीवन भी संघर्षमय हो जाता है। आम बच्चों से अलग ऐसे बच्चे बड़े ही अवसाद ग्रसित होते हैं, वहीं उनके मां- बाप भी संतान की चिन्ता में एक तनाव में जीते हैं। इन बच्चों की परवरिश में बड़ी मुश्किल का सामना करना पडता हैं। कई बच्चे जो घर से कहीं निकल जाते है, तो उनको ढूंढना बड़ा मुश्किल हो जाता हैं, इसलिए मजबूरन कई बच्चों को उनके संरक्षक रस्सी से बांधकर या कमरे में कैद करके रखते हैं। इन सबके दर्द को यदि हम महसूस करें तो हमारी रुह कांप जाती है। इन्हीं बच्चों के दर्द को अपना दर्द बनाकर श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान के जाग्रति विद्यालय ने इन बच्चों को जीवन की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया है। इस विद्यालय में पढ़ने के बाद ऐसे ही कई बच्चे न सिर्फ अपने मन की बात इशारे या उनकी अपनी भाषा में बताने लगे, बल्कि शारीरिक, मानसिक रूप से भी सक्षम होने लगे हैं। राकेश परियाणी के सन् 2006 से शुरू हुए लम्बे संघर्ष के बाद सरकार ने 2012 में जमीन तो दे दी। मगर भवन के अभाव में अब तक बच्चे छोटे से किराए के भवन में पढ़ने को मजबूर है। इन मासुम चेहरों को इन्तजार हैं, उन भामाशाह का जो इनका विद्यालय भवन बनाकर इनके हिस्से की खुशियां दिलाने मदद कर सकें। जिससे शिक्षा की कूची से इनके बैरंग जीवन को नए खुशबू भरे सतरंग मिल सके।

भेजे गए। सबसे पहले प्रेम गौड़ (किरण मार्बल) ने 51 हजार रुपए दिए, जिससे श्रवण बाधित मशीन व बच्चों के लिए पजल्स खरीदे गए। फिर तनसुख बोहरा, फतहचंद सामसुखा, प्रमोद मोदी सहित 15 व्यवसायियों ने मिलकर करीब 65 हजार रुपए प्रदान किए। संस्था में आर्थिक तंगी के दौर में दो चार माह तक का वेतन अटकने के बाद भी रामदास पाल नियमित बच्चों को पढ़ाते रहे और उनके अभिभावकों को प्रेरित व प्रशिक्षित किया। कुछ अभिभावक भी स्कूल में नियमित पढ़ाने लग गए थे। फिर पढ़ाने वाले अभिभावकों को स्कूल के समय में बांधने के लिए 500 रुपए अल्प वेतन तय किया गया। वर्तमान में 92 मानसिक विमंदित व मुक बधिर बच्चों को 19 शिक्षक- शिक्षिका द्वारा पढ़ाया जा रहा है।

जमीन मिली, पर भवन की दरकार

काफी संघर्ष के बाद आखिर वर्ष 2012 में तत्कालीन जिला कलक्टर ओंकारसिंह द्वारा हाइवे आठ किनारे राजनगर में एक बीघा जमीन का आवंटन किया गया। इसमें से नौ हजार स्क्वायर फीट नि:शुल्क व शेष जमीन डीएलसी दर पर आवंटन हो गया, मगर बजट के अभाव में आज भी भवन का निर्माण नहीं हो पाया और वर्तमान में स्कूल किराए के भवन में चल रहे हैं। एक दौर ऐसा भी आया था कि दो तीन मार्बल कारोबारियों ने संस्था के लिए व्यवस्थित भवन बनाने की जिम्मेदारी भी ली और उन्होंने कुछ प्रयास भी किए, मगर संस्था के भवन का

सपना साकार नहीं हो पाया। इधर, जेके टायर इंडस्ट्रीज द्वारा दो कमरे, एक लेट- बाथ का निर्माण करवा दिया है, जबकि एक कमरा सुशील परियाणी, एक कमरा श्री बाबूलाल कोठारी (केलवा), एक कमरा स्व. भोजराज- लाजवंती परियाणी की स्मृति में निर्माणाधीन है। फिर भी वर्तमान की छात्र संख्या के आधार कम से कम 15 कक्षा कक्षों की जरूरत है।

पढ़ाई के बाद आत्मनिर्भरता की कमी खली

अक्षम सेवा संस्थान की ओर संचालित जागृति विद्यालय से 10-10 बच्चों को 12वीं उत्तीर्ण करवा दी गई, मगर वे आगे आत्मनिर्भर नहीं बन पाए हैं। इसको लेकर संस्थान अब उन्हें स्वरोजगार दिलाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही इंदौर में एक रेस्टोरेंट है, जहां सभी बच्चे विमंदित ही कार्य कर रहे हैं। ठीक वैसा ही रेस्टोरेंट खोलने या अन्य रोजगार तलाशने के प्रयास जारी है।

राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान

अक्षम बच्चों के शिक्षण के साथ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर राजसमंद जिला स्तर के साथ राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी परचम फहराया। इस संस्थान को बेस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ राजस्थान एवं सुरभि को सर्वश्रेष्ठ प्रेरणास्त्रोत के रूप में राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। अन्य बच्चों ने भी खेल व सांस्कृकि स्पर्द्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को सम्मान दिलाया।

संकलन सहयोगी : नीलेश पालीवाल, कांकरोली

दीपोत्सव पूरे शबाब पर है, घाटी में मेंढ़कों का टर्राना बंद होगा



राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद विवाद का पटाक्षेप आजकल में होने वाला है। सम्माननीय न्यायालय का जो भी निर्णय होगा, वह देश को मान्य होगा। आम आदमी और सामान्य जीवन की इस निर्णय को लेकर उत्सुकता अवश्य है, लेकिन यह उत्सुकता संयत और शालीन रही है। आशा है, आगे भी बनी रहेगी। लेकिन राजनीतिक हलकों में कुछ बेचैनी है। पता नहीं ऊंट किस करवट बैठे। सर्वाधिक चिंतनीय स्थिति है तो उन धर्मांध प्रवृत्तियों की, जिन्होंने सदा की तरह विवेकहीनता और संवेदनहीनता का परिचय दिया है। संगठन विशेष के नेता की जघन्य हत्या को विवेकी समुदाय इसी रूप में लेते हैं। यह दीपावली को बेस्वाद करने का और राष्ट्रीय मुद्दों से ध्यान हटाने, माननीय न्यायालय के फैसले के प्रति अविश्वास और निर्णय को टालने के असफल कृत्य के रूप में है। देखना भर है, क्या होने वाला है ? 17 नवम्बर, 2019 कौनसी दूर है ?

खैर, निर्णय जो भी हो, वह माननीय न्यायालय का रहेगा। दीपोत्सव की स्वर्णिम आभा की तरह ही वह निर्णय भी जाति पंथ और समुदाय से ऊपर उठकर होगा। सबके लिए स्वीकार्य होगा।

पाकिस्तान ने अपनी पूरी एड़ी चोटी का जोर लगा लिया। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मुंह की खा जाने के बाद तिलमिला गया है। अब वह पागल कुत्ते की तरह मुंह खोले और लार टपकाते फिर रहा है। वह काटता है और पिटाई खाता है। कश्मीर में आतंकवाद की घुसपैठ कराना और माहौल बिगाड़ने का उसने कोई अवसर हाथ से नहीं जाने दिया। गोलीबारी करता कराता है। नागरिकों और बच्चों को भी वह नहीं छोड़ता और उन्हें भी निशाना बनाता है। सैन्य बलों पर घात लगाता रहता है। कई जवान उसके पाप की भेंट चढ़ रहे हैं। हमारे लिए वे शहीद हैं। जिनके जाने पर पूरा देश शोक संतप्त होकर श्रद्धांजलि देता है। सम्पूर्ण समुदाय निजता से ऊपर उठाकर पहले भारतीय बनाता है। संकल्प करता है। पाकिस्तान को जवाब देता है। पाकिस्तान में आतंकवादी गढ़ ढहा दिए हैं।

आतंकियों के साथ उनके सैनिक भी मरते है, जिन्हें पाकिस्तान स्वीकार ही नहीं करता। कुछ बेशर्म भारत में भी सबूत मांगने से नहीं चूकते। बेशर्म पाकिस्तान को इस दीपावली को कुछ रोशनी भेजी जाए। वह बेकार की हरकतें बंद करें। एटम बमों की धमकी देने से बाज आए। मूल्यों को समझे। पाकिस्तान के अवाम को रोजी रोटी देकर मानवीय मूल्यों को बढ़ाने का अवसर दें। वह विस्तारवादी ताकतों के हाथों खिलौना नहीं बने। इसी में उसकी भलाई जो है।

दीपावली हमें जागने का संदेश दे रही है। यह जाग हमें दायित्व के प्रति सजग करती है। देश की आंतरिक उठा पटक चलती रही है। आगे भी चलेगी। लोकतन्त्र में कोहनी के शहद लगाने का चलन है। यह षडयंत्रों का हिस्सा भी है। उठा पटक जो भी सकारत्मक हो। देश को एक सूत्र में पिरोने वाली हो। राष्ट्रीय.योजनाओं की क्रियान्विति यदि सब के विकास में है, तब उसकी समालोचना होनी चाहिए। न किए आलोचना के लिए आलोचना। इससे देश की सामूहिक शक्ति कमजोर होता देखा गया है। संगठन भार भाराता है। व्यर्थ का उद्वेलन जिसे हम हिंसा, घेराव और हड़ताल के रूप में देखते हैं। यह सभी प्रवृत्तियाँ विरोध की स्वरूपा हैं। इन्हीं की वजह से देश के प्रगति का चक्र थम सा जाता है। सीधे सीधे देश को आर्थिक नुकसान से गुजरना होता है, जिससे हम डीडबल्यूएसएच के साथ साथ पिछड़ते हैं। आज युद्ध आर्थिक व्यवहार के स्तर पर लड़ा जाता है। जो देश जितना समृद्ध होगा, वह उतना ही सुरक्षित होने का भरोसा रख सकता है। मार काट, गोलीबारी, आतंक, आत्मघात और भयभीत करना–कराना अतीत की बातें हैं।

चीन बिजनेस कॉरीडोर बनाकर आर्थिक संपन्नता से विश्व विजय ही तो प्राप्त करना चाहता है। भारत भी होड़ाहोड़ी में उसका बराबर जवाब दे रहा है। यही शुभ है। हम उस आर्थिक युद्ध का जवाब देने के लिए देश के हाथ मजबूत करें। इसके लिए जरूरी है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ उत्पादन करें। उत्पादक के साथ निर्यातक बनें। आंतरिक शोशेबाजी से उबर कर विश्वमंच पर लाभ में हिस्सेदारी करें। यही दीप पर्व की सार्थकता है। प्रकाश पर्व का आधार दीपक है, जो कि प्रकाश वितरित करता है। वही विजय का कारण भी होता है। देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं को भारत मान लेना होगा। वह स्वस्थ और समर्थ बने। व्यक्ति का स्वास्थ्य ही देश को मजबूती देता है।

योग भारत का उत्पाद है, जिसे विश्व स्वीकार कर शारीरिक और आर्थिक दृष्टि से समर्थ बन रहा है। अमेरिका में कई भारतीय इंजीनियर कंप्यूटर चलाने के लिए गए। अब वे वहां योग स्टूडियो चालकर डॉलर उलीच रहे हैं। कई विदेशी जन ने योग को आधुनिक स्वरूप देकर यश के साथ साथ अर्थ भी साध लिया है। योग के साथ साथ खेलों की तरफ हमारा रुझान देश के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। ये हमारे में प्राणों का स्वस्थ संचार करते हैं, जिससे ही हम दीपक की तरह आलोकित होकर परिवार, समाज और देश के लिए महत्वपूर्ण बन सकते हैं।

स्वास्थ्य का आधार स्वच्छता है। महात्मा गांधी के स्वावलंबन के सिद्धान्त में स्वच्छता और सुस्वास्थ्य को प्रथम सीढ़ी के रूप ही देखा जाना गया है। स्वच्छता स्वास्थ्य का आधार है। स्वास्थ्य विकास का आधार है। विकास के लिए मानसिक शक्ति और निर्णय क्षमता जरूरी है। ये आत्मबल से प्राप्त होते हैं। आत्मबल का आधार स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्म निर्भरता है। दीपावली हम को अंदर बाहर मानवीय मूल्यों और आत्मशक्ति से सम्पन्न करेगी।

भारत देश जीओ और जीने दो की सोच रखता है। कश्मीर और लद्दाख से धारा 370 हटाकर, विकास करने की पहल को सबका साथ और सबके विकास में लेना ही उचित है। कुछ ढपोरी बेतुका राग अलापते हैं। यूरोपीय संघ के 27 सांसद घाटी पहुंच गए हैं। यह भारतीय राजनीति की सकारत्मक पहल है। आशा है यूरोपीय संघ के माध्यम से हमारे देश द्वारा, विश्व को शीघ्र ही शुभ संदेश मिलेगा। बरसात बीत गई है। दीपोत्सव पूरे शबाब पर है, घाटी में मेंढको का टर्राना बंद होगा। इति शुभम।

त्रिलोकी मोहन पुरोहित
अकादमिक निदेशक सोफिया पब्लिक स्कूल
शाति कॉलोनी, कांकरोली राजसमंद
9414174179, 8094531111

नाथद्वारा में मनोरंजन के लिए अच्छे दिन, मिराज समूह के गृह नगर में 121वीं स्क्रीन से पर्दा उठा

नाथद्वारा. भारत के प्रमुख व्यापारिक समूह मिराज ग्रुप ने अपने मल्टीप्लेक्स शृंखला को बढ़ावा देते हुए मिराज सिनेमाज का अपने गृह नगर नाथद्वारा में मनोरंजन के अच्छे दिन लाया है। जहां इसने मिराज मेरिडियन मॉल में दो मल्टीप्लेक्स स्क्रीन का शुभारंभ किया। इससे नाथद्वारा के साथ राजसमंद में रहने वाले फिल्म पारखी लोगों के लिए मिराज सिनेमाज पहले मल्टीप्लेक्स अनुभव के लिए गेट खोलने के लिए अपने घरेलू मैदान पर आया है। इस अवसर पर मिराज ग्रुप के वाइस चेयरमैन मंत्र राज पालीवाल ने कहा कि आज पूरे मिराज परिवार के लिए यह खुशी का क्षण है कि वह नाथद्वारा शहर के लोगों को सर्वश्रेष्ठ इन क्लास फिल्म देखने का अनुभव प्रदान कर रहे हैं।

बताया कि इनका मुख्य उद्देश्य फिल्मों को देखते हुए ग्राहकों के लिए संतुष्टि सुनिश्चित करना है। सामाजिक सांस्कृतिक स्तर पर हमारे दर्शकों के लिए मल्टीप्लेक्स के प्रति प्रतिबद्धता और जुनून ही गहरी भावना हमें प्रेरित करती है। नाथद्वारा के मिराज सिनेमाज की नई की नई प्रस्तुति में 320 लोगों के एक साथ बैठने की व्यवस्था है, जिसमें अपने संरक्षक के लिए शानदार मूवी देखने का

अनुभव प्रदान करने वाली सीटें शामिल है। मिराज सिनेमाज के प्रबंध निर्देशक अमित शर्मा ने उनकी विस्तार योजना पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वास्तव में राष्ट्रीय मल्टीप्लेक्स ऑपरेटर के रूप में हमने पूरे देश में अपने विकास पथ पर तेजी से नजर रखी है। अपनी तेजी से विस्तार की योजनाओं के साथ उम्मीद करते हैं कि मिराज सिनेमाज़ का विकास बहुत तेजी से होगा और 2020 तक 200 स्क्रीन वाले मील के पत्थर को छूने में सक्षम होगा। वर्तमान में मिराज सिनेमा 13 राज्यों में 33 शहरों में और 44 मल्टीप्लेक्स में 121 स्क्रीन है।

Spread Love

Dear Reader

India is a land of divine science where there is logic behind everything if we talk about its delicious food, seasons, singing, dancing and so the festivals & celebrations. But if we imagine a life without festivals the result will be definitely horrible where we can see puzzled people fighting with each other or perhaps pulling their own hair, not to get anything from anyone but to seek a life having happiness & peace.

The Indian festivals, knocking our doors one after one has the science and logics of getting us free from our daily monotonous work, stress, tension and to enjoy with our loving ones, having joy and fun in the name of festivals and to instil the new energy level within us, to move ahead with enthusiasm and to live a life with a happy heart & cheerful face.

In earlier time people were not so busy so it was easy for them to enjoy the festivals and today the life is so hectic & miserable that it is must for us to celebrate festivals. Almost everybody is reciting the same dialogue today that they have no time, no time for sitting with the known ones, no time to explore new relations, not time to try a new recipe in the kitchen, no time to talk other than meeting agenda, no time to play with kids and no time for day-to-day talks. And obviously why to give time to all these when we know, won't get any profit. We have thousands of friends on social media and end number of contacts in contact list and WhatsApp groups where we simply forward the message having ornamental language full of emotions & copy-paste it to wish all. On late evening we post some smiling selfies or photographs on face book and then will keep on checking how many likes and comments are there. Is this the celebration of festival? Is selfie showing our inner happiness? Is an ornamental message convey the actual feelings?

Utsav comes along with excitement and it gives us happiness but it can be gained only through our involvement in whatever we do or it would be simply a burden. Let's celebrate this Diwali in a new way and make it memorable for all.

Dear friends, happiness is something which born in our heart by seeing somebody happy because of us or our efforts & so it reflects on our face as real smile. Let's contribute to make someone's Diwali happy this time by keeping a small budget for underprivileged families, visit them and gift them sweet box/crackers/clothes or anything what you feel okay to make their festive happy and the smile you will get in return will make your day I am sure.

"Spread Love & Spread Happiness"

Wish you spend a quality time with your loving ones, enjoy the festival and instil great enthusiasm & new energy level. May this festival fill your life with divine happiness and joy forever. May this time mark a life time memories and May Almighty bless you a healthy and happy life ahead.

Wishing you a happy festive time.

Manisha Lashkari
Principal
Smart Study International School
Nathdwara

हैप्पी दीवाली

पूरा भारत देश रोशनी में नहाया हुआ था। दीपों की लड़ियां सितारों से होड़ कर रही थी। घरों को साफ कर फेंके गए कचरे के ढेरों पर भी दीपक जगमगा रहे थे। मकानों की दीवारों के कपोल चमक रहे थे। दरवाजों के अधरों को विभिन्न रंगों से सज्जित किया गया था। घर- घर लक्ष्मी जी के स्वागत के भव्य आसन सजाए गए थे और उन्हें एक कोने पर भूत मनभावन सुत गजमुख धारी गणपति जी के लिए भी किंचित स्थान रिक्त रखा गया था। अब इतने मान पान से कोई बुलाए, तो कौन नहीं आएगा भला? देवता तो भाव से ही संतुष्ट होते हैं। गजानन खूब सजधज कर लक्ष्मीजी के पास जाकर बोले-आन्टी! चलिए भक्तगण प्रतिक्षारत हैं और उनके प्रसाद की खुशबू मेरी नाक में खुजलाहट पैदा कर रही है। अब मेरे पेट के अंदर तथा बाहर दोनों जगह चूहें कूद रहे हैं। लक्ष्मीजी हंसकर बोलीं- भतीजे थोड़ा और अंधेरा होने दो, फिर चलते हैं मेरे वाहन (उल्लू) की हेड लाइट्स (आंखें) अंधेरे में ही खुलती हैं तथा कहीं भूल हो गई तो भारत में हैवी चालान का भी खतरा है, इसलिए सावधानी बरतनी होगी। गणेशजी अपनी नासिका ऊपर उठाकर हंसने लगे।

थोड़ा अंधेरा गहराते ही एक सेठ के पोर्टिको में अपने अपने वाहन (चूहा और उल्लू) पार्क कर गणेशजी, लक्ष्मी जी घर में प्रवेश कर गए। दिमाग पर जोर मत दीजिए लक्ष्मी सेठों के यहां जाएंगी, फकीरों के यहां नहीं, क्योंकि कहते हैं लक्ष्मी लक्ष्मी को घसीटती है। इधर चूहा आदतन उल्लू की दुम कुतरने लगा, घुग्घू ने घुड़कते हुए कहा कि यह मेरी दुम है लड्डू नहीं। दुष्ट इसे छोड़ दे नहीं तो एक पंच लगाऊंगा। चूहा चूं-चूं कर बोला-काकू! नहीं ऐसा मत करना। हमारे मालिक और आपकी मालिकिन तो हमें छोड़कर चले गए हैं। मैंने सोचा कि कुछ टाइमपास किया जाए, अब हम आदमियों की तरह मोबाइल में तो आंखें गड़ा नहीं सकते हैं कि पास खड़े व्यक्ति का भी आभास न हो। मोबाइल को समय 'उड़नछू यंत्र' कहना चाहिए, क्योंकि हाथ में मोबाइल लेते ही कब घड़ी के कांटे चक्कर काट लेते हैं, पता भी नहीं चलता है। उल्लू ने एक डरावनी घुड़की साथ सहमति देकर कहने लगा- तुमने सच कहा पर टाइमपास करने के और भी साधन हैं। पूंछ की ऐसी तैसी करने की क्या आवश्यकता थी? मुझे क्या निरा उल्लू समझा है क्या? चूहा भी सहमकर बोला-और भी साधन? मैं समझा नहीं। उल्लू ने आंख दिखाकर चिल्लाया- 'लोग मुझे ख्वामख्वा उल्लू कहकर बदनाम करते हैं, सबसे बड़ा उल्लू तो तू है, जो सबकुछ देखकर अनजान बनता है। कितने मुद्दे हैं टाइम पास के। तुझे मेरी पूंछ ही मिली थी? एक तो मेरी ऐसे ही पूछ नहीं है, तू मुझे पूंछ कटा बनाकर मेरी रही सही साख को भी मिट्टी में मिला रहा है।'

चूहे ने मुस्कुरा कर कहा- अरे सीनियर सिटीजन इतना एंग्री मत होइए। मैं आपकी तरह बुद्धिमान नहीं हूं, क्योंकि जम्बूद्वीप के भारतखंड में लक्ष्मी को पाकर उल्लू भी जुगाड़ू महाज्ञानी हो जाते हैं। इस भूमि में ऐसी प्रजाति सदियों से रही है। कृपा कर उन मुद्दों के विषय में विस्तार से बताइए तथा संशय का उसी प्रकार कीजिए, जैसे कागभुशुण्डि ने गरुड़ का किया था। इतना सुनकर उल्लू गदगद हो गया, क्योंकि उल्लुओं को टांग खिंचाई भी अपनी बड़ाई लगती है। मूंछों पर पंचे फेरकर बोला- मूसक बेटा टीवी देखा करो, तो टाइम पास के नए- नए मुद्दे मिलेंगे।

देश आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है, पेट्रोल- डीजल निरंतर उछल रहे हैं, किसी को भी अपराधी समझकर भीड़ द्वारा सजा-ए-मौत दी जाती है। नौकरी के लिए बेरोजगार युवा जी जान लगाकर विभिन्न टेस्ट पासकर नियुक्ति हेतु न्यायालय की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। सब्जियां आसमान को चूम रही हैं, रेलवे का निजीकरण हो रहा है, दिन दहाड़े खूंरेजी, रेप, जालसाजी के मामले हो रहे हैं। चाइना से व्यापारिक समझौते किए जा रहे हैं, दूसरी ओर चीनी सामानों के बहिष्कार का राग अलापा जा रहा है। ऐसे मुद्दों पर बातचीत करो, तो टाइम पास होगा। साथ ही साथ शायद कुछ हल भी निकल आए। चूहा चुपके से बोला- इन सब मुद्दों पर बात उल्लू करते हैं। हमें जब घी के तर मोदक मिल रहे हैं, तो हम काहे बेमतलब सिर खपाएं?

इतने में सेठ के घर में पंडित जी ने पूजा समाप्ति का शंख बजाया और लक्ष्मी- गणेश जी बाहर निकलकर अपने अपने वाहन पर सवार हो, दूसरे बड़े घर की तरफ चल दिए। चूहे ने कनखियों से उल्लू को देखकर धीमे से कहा- दुनिया की चिंता छोड़ो डूडए से ओनली हैप्पी दीवाली।



पीयूष कुमार द्विवेदी 'पूतू'
सहायक प्रोफेसर हिन्दी विभाग जगद्गुरु रामभद्राचार्य
विकलांग विश्वविद्यालय चित्रकूट, उत्तरप्रदेश
मो. 86041-12963

थैंक यू गॉड फॉर सेइंग, आमीन

म्हारे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई,
माई छोड्या छोड्या बंधू छोड्या, छोड्या सागा सोई।
साधो संग बैठ बैठ लोक लाज खोई।

प्रभु अब तो ये गाना भी रिस्की हो गया है। पता है, आपको मैं ये गाते हुए घूम रही थी, तो बहुत से टोपी धारियों ने मुझे घेर लिया। कोई घड़ी दिखा रहा था, तो कोई साइकिल पर मेरे पीछे दौड़ रहा था। एक मैडम तो हाथी पर आकर मेरे सामने खड़ी हो गई। कुछ लोगों ने आशीर्वाद की मुद्रा में मेरा अभिवादन किया, तो कुछ बलात मुझे कमल पर बैठाने लगे। कोई हंसिया से डरा रहा था, तो कोई तीर कमान चला रहा था। और इंजन की आवाज़ से तो मेरा सर ही चकराने लगा था। सब मुझे अपनी अपनी ओर खींच रहे थे।

परेशान होकर मैंने पूछा– क्यों कर रहे हैं, आप यह क्रूरता मेरे साथ। तो हाथ जोड़ते हुए वे बोले मीरा बाई आप इसे क्रूरता समझ रही हैं। अरे! हम तो आपको कुर्सी पर बैठाना चाहते हैं। जब मैंने पूछा– कुर्सी! वो क्या होती है, तो उन्होंने कहा– अरे आप राजघराने की होकर भी कुर्सी की महिमा नहीं जानती हैं? कुर्सी वह होती है, जिसमें सारे नेताओं की जान बसती है। उसका एक पाया तोड़ो, दो पाया तोड़ो, कुछ नहीं होगा। जब तक उसका पुर्ज़ा पुर्ज़ा न तोड़ दो, हम नेता उससे दीमक की तरह से चिपके रहते हैं। हां, कुर्सी बोले तो राज सिंहासन मीरा जी।

किन्तु भाई, मैं तो यहां वहां भटकती रहती हूं। वन में, मरुस्थल में, नदी किनारे, यहां मुंबई में सागर किनारे, थकान लगे तो रेत पर बैठ जाती हूं। तभी तो हम आपको एप्रोच कर रहे हैं कि आपको कुछ नहीं चाहिए। आप हमारी पार्टी के लिए परफेक्ट कैंडिडेट हैं। हाई क्लास से हैं, तो हाई क्लास के वोट मिलेंगे, महिला हैं तो रिज़र्व सीट का फायदा मिलेगा, गाती हैं तो आर्टिस्ट कम्युनिटी के वोट, साध्वी हैं तो साधु संतों के वोट, दलितों के बीच घूमती हैं तो दलितों के वोट, मुस्लिम पीर फकीरों से दोस्ती है, तो मुस्लिमों के वोट, कृष्ण की भक्त हैं तो यादवों के वोट, मारवाड़ी हैं तो नोट ही नोट, गुजराती में गाती हैं तो गुजराती वोट। सिंपल सी बात है गुजराती में गाती हैं तो काटेंगे मोदी के वोट, तो दूसरे ने कहा आपके कारण मिलेंगे मोदी को गुजराती वोट। और मीरा बाई जी आपको पता है, हमारे प्रधानमंत्री को सोशल मीडिया को एक्स्प्लोर करना खूब आता है। आपको भी वे फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग पर फेमस कर देंगे और यंगस्टर्स का आइकॉन बना देंगे। अगर आपने बीजेपी ज्वाइन कर ली तो ओबामा भी आपके भजन गाते हुए घूमेंगे।

पग घुंघरू बांध मैं तो नाचा रे

प्रभु आप हंस रहे हैं। मैं तो बस आपको जानती हूं। मेरा क्या लेना देना ओबामा या नरेंद्र मोदी से। जी क्या कहा प्रभु, यदि दुनिया में आपके सिद्धांतों को फैलाना है, तो लगता है मुझे भी इलेक्शन लड़ना होगा। संभवामि युगे युगे...। जी समझी प्रभु आपका काम मुझे ही करना है। आपकी आज्ञा शिरोधार्य करके मैं उन टोपी धारियों को अपनी रूचि

दिखाई और पूछा– आप सबकी पार्टी में तो वैसे ही कुर्सी की मारा मारी है? आप सब मुझे क्यों लेना चाहते हैं? तो उन्होंने कहा– वही तो मीरा बाई, अभी आपने कहा कि न आपका कोई भाई बंधु है, न कोई सगा। इसीलिए तो आप हमें फैसिनेट कर रही हों। क्योंकि अब हर पार्टी अपने भाई-भतीजे और बहु-बेटियों को ही टिकट दे रही है। आपके आने से यह ट्रेंड टूटेगा। आप हमारे लिए वोट उगाहेंगी। हमें जिताएंगी, फिर एकतारा लेकर अपने गिरधर की डगर पर चल पड़ेंगी। वरना यहां तो हममें से हरेक सिंहासन पर फेविकोल से चिपकना चाहते है।

दूसरी बात ये कि बड़े बड़े गठबंधन टूट गए हैं, सालों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही पार्टी अलग हो गई हैं। अब उन्हें दूसरे साथ सहारों की ज़रुरत है, जो आप बन सकती हैं और यदि आप गाकर रिदमिक में दूसरी पार्टी के कच्चे चिट्ठे खोलेंगी तो जनता बहुत इम्प्रेस होगी।

प्रभु ! मैं बहुत कंफ्यूज हो गई। कौनसी पार्टी ज्वाइन करूं। फिर मैंने तय किया, मैं अपनी पार्टी बनाऊगी और चुनाव लड़ूंगी। आपने अर्जुन को पूरा महाभारत का युद्ध जिता दिया, तो क्या मुझे भारत का एक चुनाव नहीं जिता पाएंगे आप ? मैंने अपनी पार्टी का नाम रखा है 'भारतीय राष्ट्र बहुजन कांग्रेस कम्युनिस्ट पार्टी' जानती हूं, प्रभु इतना बड़ा नाम। पर ये अवसरवादिता है।

अगर बहुमत मिल गया तो डंके की चोट पर बाकी पार्टियों को बताऊंगी कि लोकतंत्र में से तुमने लोक को ही भुला दिया है। जनता को केवल वोट बैंक समझ कर हाशिये पर डाल दिया है, लेकिन खुदा न खास्ता। अगर बहुमत नहीं मिला तो भारतीय बीजेपी से जोड़ेगा, बहुजन मायावती से, राष्ट्रीय कांग्रेस क्रमशः एनसीपी और कांग्रेस से एंड यू नो प्रभु सो ऑन।

प्रभु ! अपडेट ये है मेरी पार्टी को अच्छा रिस्पांस मिलने लगा है। बहुत सी पार्टी के नेता छोड़कर मेरी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। इन्हें ज़रा भी देर नहीं लगी, क्योंकि कपड़े बदलने की तरह ये दल बदलने में माहिर हैं। जहां उगता सूरज देखते हैं साष्टांग दंडवत शुरु कर देते हैं। डूबते जहाज से सबसे पहले चूहे भागते हैं। ये बात इन पर एकदम फिट बैठती है।

डोंट वरी प्रभु फाइनेंस का इंतज़ाम चुटकियों में हो रहा है। आपके लेटर हैड पर सारे उद्योगपतियों, मीडिया और ठेकेदारों को लेटर्स भिजवा दिए हैं। आपके नाम पर बड़ी बड़ी धनराशि आनी भी चालू हो गई है। वर्ल्ड वाइड पब्लिसिटी के लिए अमेरिका की बड़ी पीआर कंपनी हायर कर ली है। नमो से एक बात सीख ली है कि कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालों यारों।

थैंक यू गॉड, दुष्यंत कुमार का ये शेर अच्छा लगा। नई और भी अच्छी शायरी सीख रही हूं। एक टीचर रख लिया है। महाराष्ट्र की तीन सीटों से मैंने पर्चे भरे हैं, शिर्डी, वर्ली और महालक्ष्मी। शिर्डी में साईं बाबा, वर्ली में हाजी अली और महालक्ष्मी में लक्ष्मी माता का फुल सपोर्ट है। ऑफ कोर्स प्रभु, हम होंगे कामयाब। फिर करेंगे अधर्म का नाश और धर्म की स्थापना। लेटस क्रॉस द फिंगर्स। थैंक यू गॉड फॉर सेइंग, आमीन।

अलका अग्रवाल सिगतिया
साहित्यकार, मुंबई

अल्पना चित्र प्रतियोगिता में उकेरी मनमोहक कलाकृतियां

राजसमंद. श्री द्वारकेश राष्ट्रीय साहित्य परिषद् कांकरोली के तत्वावधान में वाल्मिकी समाज कांरोली की अध्ययनरत बालिकाओं द्वारा दीपावली पर्व पर मांडणा, चित्रण के अन्तर्गत अल्पना चित्र प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके तहत छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक आकृति उकेरी। मयूर, दीपक एवं फूल-पत्तियों के वृतों का घरो के मुख्य द्वारों पर मां लक्ष्मी के शुभ आह्वान के लिए सजावट की गई। विभिन्न आकृतिया कोरी गई। संस्था संचालक फतहलाल गुर्जर 'अनोखा', अध्यक्ष डॉ. राकेश तैलंग अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार दुर्गा शंकर मधु द्वारा उत्साह वर्द्धनार्थ प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में पारितोषिक दिए गए। इसके तहत क्रमशः ऋतिका व साक्षी कक्षा 9 प्रथम, किरण, निकी कक्षा 7 द्वितीय तथा वैष्णवी, नीतू कक्षा 5 तृतीय रही। सफाई व लिपाई, कोराई में श्रीमती नर्वदा देवी पत्नी बंशी लाल चतुर्थ श्रेणी पेंशनर वाल्मिकी को प्रथम पुरस्कार दिया गया, जिससे स्वच्छ भारत का लोगों को संदेश दिया।

‘लिव इन रिलेशनशिप’ खतरे की घंटी

लिव इन रिलेशनशिप इक्कीसवीं सदी के पूर्वाद्ध की एक महत्त्वपूर्ण नवीनतम अवधारणा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन्दिरा शर्मा बनाम वी.के.वी. शर्मा (ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 309) के मामले में इसे एक हद तक मान्यता प्रदान की गई है। इस अवधारणा के पीछे स्वतंत्रता के मूल अधिकार का प्रभाव हो सकता है या फिर पाश्चात्य संस्कृति का।

लिव इन रिलेशनशिप में दो व्यक्ति (पुरुष एवं स्त्री) स्वेच्छा से एक साथ रहते हैं तथा संबंध स्थापित करते हैं। वे एक साथ ऐसे रहते हैं, जैसे पति पत्नी रहते हैं, लेकिन लिव इन रिलेशनशिप से वैवाहिक प्रकृति के संबंध स्थापित नहीं होते। इस अवधारणा के पीछे मुख्य उद्देश्य यह प्रतीत होता है कि दो वयस्क व्यक्ति एक साथ रहकर अपने जीवन का आनन्द ले सकें। लिव इन रिलेशनशिप में सामान्यत: अविवाहित व्यक्ति रहते हैं। इसमें पुरुष व स्त्री दोनों एक दूसरे के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। स्त्री सारे घरेलू कार्य देखती हैं।

लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने के पीछे मुख्य उद्देश्य यह भी रहा है कि ऐसे लोग जो लम्बे समय से शांतिपूर्वक एक साथ रह रहे हैं। उन्हें तंग या परेशान नहीं किया जाए। पुलिस अधिकारी भी उनके संबंधों में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करें।

दीपिका बनाम स्टेट ऑफ उत्तरप्रदेश (ए.आई.आर. 2014 इलाहाबाद) के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा यह कहा गया है कि जहां पुरुष एवं स्त्री स्वतंत्र इच्छा से पति पत्नी के रूप में एक साथ रह रहे हो तथा उनका जीवन शांतिपूर्वक चल रहा हो। वहां उनके अभिभावकों या रिश्तेदारों की शिकायत पर पुलिस अधिकारी द्वारा उनके शांतिपूर्वक जीवन में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए।

समाज में ऐसे अनेक व्यक्ति है, जो विवाह नहीं करना चाहते व अपने जीवन में आनन्द उठाने के लिए लिव इन रिलेशनशिप में रहना पसंद करते हैं। लिव इन रिलेशनशिप उनके लिए वरदान है, लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है, जहां यह वरदान है। वहां यह कभी कभी अभिशाप भी बन जाता है। इसके अनेक कारण है, यथा–

1. लिव इन रिलेशनशिप के संबंध कभी भी समाज में हो सकते हैं या किए जा सकते हैं।
2. लिव इन रिलेशनशिप में स्त्री को वे अधिकार नहीं मिलते, जो एक विवाहित स्त्री को प्राप्त होते हैं।
3. लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली स्त्री भरणपोषण का क्लेम नहीं कर सकती।
4. लिव इन रिलेशनशिप के दौरान जन्मे बालकों की वैधानिक स्थिति स्पष्ट नहीं है।
5. लिव इन रिलेशनपिशप में स्त्री अक्सर धाखे का शिकार होती है।
6. लिव इन रिलेशनशिप में कई बार स्त्रियां भी पुरुषों का अनावश्यक शोषण करती है।
7. लिव इन रिलेशनशिप में भावनात्मक संबंध स्थापित होने की संभावना कम रहती है।

इन्दिरा शर्मा के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लिव इन रिलेशनशिप के संबंध में उचित विधायन बनाने की सरकार से अनुशंषा की गई है। लिव इन रिलेशनशिप के दुष्परिणामें से संबंधित अनेक मामले न्यायालयों के समक्ष आ च ुके हैं। स्टेट ऑफ उत्तरप्रदेश बनाम नौशाद (ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 384) के मामले में लम्बे समय तक लिव इन रिलेशनशिप में रहे। अभियुक्त अभियोक्त्री को उसके साथ विवाह करने का आश्वासन देते हुए लैंगिक संबंध स्थापित किया, जिससे अभियोक्त्री गर्भवती हो गई। बाद में अभियुक्त ने अभियोक्त्री के साथ विवाह करने से इनकार कर दिया। अभियोक्त्री छलावे का शिकार हो गई।

ऐसा ही एक और मामला बुहिसत्व गौतम बनाम कुमारी शुभा चक्रवर्ती (ए.आई.आर. 1996 एस.सी. 922) का है। इसमें बुहिसत्व गौतम एक लम्बे समय तक शुभ्रा चक्रवर्ती के साथ रहा और उसके साथ प्रवचनापूर्ण विवाह रचनाकर उसका लैंगिक शोषण करना रहा। कालान्तर में बुहिसत्व गौतम ने किसी अन्य स्त्री से विवाह कर लिया। यहां भी शुभ्रा चक्रवर्ती धोखे का शिकार हुई। कुल मिलाकर लिव इन रिलेशनशिप एक खतरे की घंटी है। ऐसे संबंध कभी भी समाज में हो सकते हैं और पक्षकार दुविधा में पड़ सकते हैं।

डॉ. बसन्तीलाल बाबेल
पूर्व न्यायाधीश एवं शासन उप सचिव
राजस्थान सरकार जयपुर

तीखी मिर्ची

ऑफ द रिकॉर्ड :
जयवर्द्धन के इस कॉलम के लिए आप भी सुझा सकते हैं, आमजन से जुड़ा कोई मुद्दा, लिख भेजिए-
E-mail : jaivardhanpatrika@gmail.com
वाट्सएप करें - 94142-39648

डिलिट होती रिश्तों की मिठास

विजय शर्मा @ जयवर्द्धन

अभी मैसेज को देखकर और डिलीट करके रुका तो मोबाइल ने कहा कि बैटरी लो, फिर चार्ज पर लगाया और कुछ देर बाद देखता हूं, तो 967 अनरीड मैसेज। सारे मैसेज दीपावली की शुभकामनाओं के, इन सारे मैसेज में करीब वही चित्र, वही संदेश सारे कॉपी पेस्ट किए हुए। इसी तरह दीपावली की शुभकामनाओं को प्रेषित करने की औपचारिकताएं हम सभी पूरी कर लेते है। अब वह दौर तो नहीं रहा कि किसी के पते पर पोस्टकार्ड पर अपने हाथ से शुभकामना संदेश लिखकर भिजवाया जाए, जिसे पढ़कर अपना प्रिय रिश्तेदार उस हाथों की लिखावट में अपने रिश्तेदार के प्रेम को महसूस कर सकें। अब तो निकटतम रिश्तेदार को भी हम एक कॉपी किया हुआ संदेश भेजकर रिश्तों की इतिश्री कर लेते हैं। मोबाइल के मैसेज की तरह हमारे रिश्ते भी क्षणिक होते जा रहे हैं। मोबाइल के इन अनगिनत कॉपी पेस्ट मैसेज से मेमोरी फुल होने पर मैसेज के साथ ही रिश्तों की मिठास भी कब डिलिट हो जाती है, यह हमें अहसास ही नहीं होता है।

मोबाइल के बाद पोस्टकार्ड व अन्य कार्ड के जरिए शुभकामना संदेश प्रेषित करने की परंपरा लगभग खत्म हो गई हैं। मुझे याद हैं तब मेरी बहिन और मेरे मित्र के दीवाली के संदेश पत्र पढ़कर भावातिरेक में अक्सर आंखे गीली हो जाया करती थी। रिश्तों में वो अपनापन दूर रहकर भी महसूस किया जाता था। मैंने अपने प्रिय रिश्तेदारों के वो संदेश पत्र आज भी सहेज कर रखे है, जिन्हें पढकर रिश्तों का वह मीठा अहसास आज भी मिलता है। आज भी वो पुराने संदेश पत्र किसी संरक्षित पूंजी की तरह लगते हैं।

समय हमेशा प्रगतिशील है, समय के साथ हमें भी बदलना चाहिए। मगर क्या इस दौर में हम अपने भावनात्मक संबंधों में कुछ कमी नहीं महसूस कर रहे हैं? इस कृत्रिम युग में हमारे रिश्ते भी अब औपचारिक होते जा रहे हैं। दीवाली पर आजकल मिट्टी के दीए की जगह चाइना की रंग बिरंगी चमकीली लाइट ने ले ली है। चमकीली लाइट में चमकीले कपड़े पहनकर नकली हंसी हंसने से मोबाइल की सेल्फी तो बड़ी सुंदर आ जाती है, मगर वो सेल्फी उस अभाव पूर्ण बचपन में अपनों के साथ खिलखिलाती मुस्कान का वो अहसास नहीं दिला सकती है। पुराने घर पर बने मोहन थाल और हलवे का मजा अब नहीं रहा। आजकल त्योहार के मौके पर महंगी मिठाइयां जो बाहर की बनी हुई है, जिस पर शुद्धता की गारंटी का टैग लगा रहता हैं। ठीक इसी तरह रिश्तेदारों को भी हर मौके पर बोल बोलकर अपनेपन का प्रमाण देना पडता हैं और ये प्रमाण ही अक्सर मिठास में संदेह पैदा करते हैं। हम नए दौर की नवीनता को अपनाते हुए अपनी जड़ों को पहचानें और अपने रिश्तों को सिर्फ एक दिन ही नहीं, बल्कि वर्ष भर अहमियत दें।

जयवर्द्धन के पाठकों को सिर्फ दीपावली के दिन की शुभकामनाएं नहीं, जीवन के एक एक क्षण के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।

दीपोत्सव की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती भाग्यवंती कुमावत	ग्राम विकास	नानालाल कुमावत
सरपंच	अधिकारी	उपसरपंच

-: ग्राम वासियों से अपील :-

◆ ग्राम पंचायत के समस्त निवासियों से अपील की जाती है कि अपने-अपने घरों में जलबद्ध शौचालयों का निर्माण करवाएं और उसका नियमित उपयोग करें। ◆ ग्राम पंचायत को खुले से शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाए रखने एवं ग्राम पंचायत को साफ-सुथरा व निर्मल बनाने में सहयोग प्रदान करें। ◆ पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। ◆ कचरे को कचरा पेटी में ही डालें। ◆ जागो अब जल के लिए, बचाओ उसे कल के लिए। ◆ सरकार ने संभाली हैं जल संचय की कमान, अब और बढ़ेगा राजस्थान का मान। ◆ पानी का नहीं कोई विकल्प, जल संरक्षण का ले संकल्प। ◆ हम सब हैं साथ, जल ग्रहण विकास अब अपने हाथ। ◆ जल की बचत अधिक उपज

ग्राम पंचायत एमड़ी
पंचायत समिति व जिला-राजसमंद

निष्काम कर्म के सच्चे सेवक
डॉ. माधवलाल पीपलीवाल

मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। रोग ग्रस्त शरीर को ठीक करना सबसे बड़ी सेवा माना जाता है, क्योंकि जीवन बचाने वाला किसी मसीहा से कम नहीं होता। इसलिए वैद्य और डॉक्टर को ईश्वर का दर्जा दिया गया है। आज के समय में भले इसे पेशा बना दिया है, पर पहले इसे सेवा धर्म माना जाता था।

आज बड़े बड़े अस्पताल बन गए हो, अच्छी सुविधा देश में हर शहर में उपलब्ध है, मगर वो जमाना था, तब बड़े शहरो में भी चिकित्सा मुहैया आसानी से नहीं थी। छोटे कस्बो में तो गिनती के डॉक्टर हुआ करते थे, देश में गरीबी थी, मंहगा ईलाज करवाना आम आदमी के बस में नहीं था। उस युग में मसीहा बनकर कांकरोली जैसे छोटे से कस्बे में एक डॉक्टर आया, जो मानव सेवा का सच्चा उदाहरण था। कहते हैं कि मानव सेवा करना मानव का सर्वप्रथम कर्तव्य है, उसका निर्वाह जीवन भर अपने पेशे को धन कमाने का माध्यम ना बनाते हुए बहुत ही कम खर्च में जनता का इलाज जिसने उपलब्ध करवाया, आज हम बात करने हैं। ऐसे ही कर्मयोगी डॉ. माधवलाल पीपलीवाल की, आपका जन्म तंबोली कुमावत समाज के बहुत साधारण खेतीहर कृषक परिवार में पिता चुन्नीलालजी, माता रामसुख बाई के द्वितीय पुत्र रत्न के रूप में 10 सितम्बर 1921 को बनेड़ा (भीलवाड़ा) में हुआ। उनके चार भाई और दो बहने, इसमें सबसे बड़े भाई लादूलाल और माधवलाल से छोटे भगवतीलाल, रतनलाल मदनलाल और बहने गट्टू बाई और नानू बाई।



विगत 65 वर्षों तक श्री माधवलाल ने कांकरोली और इसके आस पास के सभी ग्रामीण इलाकों में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं से सभी का दिल जीत लिया था। उस जमाने में राजसमंद में माधवलाल का मतलब डॉक्टर और डॉक्टर का मतलब माधव लाल था। अंग्रेजी दवाइयों के कांकरोली में यह पहले डॉक्टर थे, जिन्होंने अपनी सेवाओं से सभी का इलाज किया।

चिकित्सा के क्षेत्र में एलसीपीएस की पढ़ाई करने के बाद इन्होंने अपनी प्रैक्टिस कांकरोली जैसे छोटे से कस्बे में शुरू की और अपने निष्काम सेवा कर्म को जिंदगीभर गरीबों की मदद करते डॉक्टर के रूप में गुजार दी। आस पास के गांव के लोग मादूलाल जी कहते हुए उन्हें गरीबों का डॉक्टर के नाम से सम्मान देते थे।

1944 में राजसमंद में हैजे की बीमारी का प्रकोप हुआ, तब माधवलाल जी ने अपनी भूमिका को बखूबी निभाया और कई बीमार लोगों का इलाज करके अपनी पहचान को कायम किया। हैजे की बीमारी से मुक्ति दिलाने पर 1945 में इनका सभी संस्थाओं और नगर वासियों की तरफ से नागरिक अभिनंदन सम्मान किया गया। ये किसी भी डॉक्टर के लिए बड़ी बात होती है।

